**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 16.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के गेस्ट हाउस से गिरफ्तार राज कुमार से सीबीआई की पूछताछ जारी।**
2. **देवघर में 22 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेले में पहली बार आटिफिशियल इंटेलिजेंश–एआई से नियंत्रित होगी भीड़।**
3. **मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के किए गए कड़े इंतजाम, सोशल मीडिया के जरिये अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की रहेगी नजर।**
4. **भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिसवा सरमा दो दिवसीय झारखंड दौरे पर, आज तोरपा और खूंटी में कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित।**

*******************

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल हजारीबाग में छापेमारी की। छापेमारी कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्टहाउस में देर शाम की गयी। यहां से सीबीआई ने एक व्यक्ति राज कुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी को राजू के पास से कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। सीबीआई की टीम राज कुमार से नीट पेपर लीक मामले में पूछताछ कर रही है। सीबीआई को जानकारी मिली है कि उक्त गेस्ट हाउस में कुछ स्टुडेंट्स को ठहराया गया था।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने 500 पन्नों का एक दस्तावेज भी सौंपा है। जिसमें आंकड़ों के आधार पर बताया गया है कि कई मतदान केंद्र पर एक धर्म विशेष के मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि पार्टी ने एक सैंपल के तहत दस विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों को इकट्ठा किया है। इनमें राजमहल विधानसभा सीट अंतर्गत कई ऐसे बूथ है जहां पर 123 प्रतिशत तक एक धर्म विशेष के मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। इस तरह के आंकड़े बरहेट, पाकुड़, महेशपुर, जामताड़ा, मधुपुर, मझगांव, हटिया, बिशुनपुर और लोहरदगा में भी देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए मतदाता निश्चित रूप से बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अपनी बातों से प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराया है। इस संबंध में उन्हें आश्वासन मिला है कि इस दिशा में उचित कार्रवाई की जाएगी।

*******************

देवघर स्थित बाबाधाम में 22 जुलाई से आयोजित होने वाले श्रावणी मेला को लेकर कल झारखंड और बिहार के अधिकारियों की एक बैठक हुई। श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित और नियंत्रित करने के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई की मदद ली जाएगी। इससे श्रावणी मेला का संचालन कर रहे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को रियल टाईम जानकारी मिलेगी। वहीं मेले में श्रद्धालुओं की कितनी संख्या है, श्रद्धालुओं की कतार कितनी है और मुख्य मंदिर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा इन सब की जानकारी बाबाधाम ऐप पर दी जाएगी। इस कार्य को संचालित करने के लिए तकनीकी टीम को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पेश है

*******************

कल मुहर्रम को लेकर रांची सहित राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। मुहर्रम के जुलूस को लेकर रांची में कल सुबह दस बजे के बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की नोइंट्री लगा दी गयी है। इससे पहले कल पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखें और ऐसे लोगों पर मामलों का सत्यापन करते हुए तुरंत कार्रवाई करें। इधर राजधानी रांची में मुहर्रम की जुलूस को लेकर दो सौ से ज्यादा जगहों पर **स्टैटिक फोर्स** को तैनात किया गया

है। वहीं संवेदशील जगहों को चिन्हित करते हुए सीसी टीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं ताकि हर आने जाने वालों पर नजर रखी जा सके। रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा ने भी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

*******************

कोडरमा जिले में एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में गिरिडीह के सरिया स्थित लक्ष्मी मेडिकल सेंटर में छापेमारी कर दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि उक्त सेंटर में अवैध रूप से लिंग परीक्षण किया जा रहा है।

*******************

गोड्डा जिले के बसंतराय थाना क्षेत्र के आइचा पुल के पास एक सड़क दुर्घटना में बाईक सवार की मौत हो गई, जबकि बाईक पर सवार मृतक की पत्नी और बच्चा घायल हो गये। ग्रामीणों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

*******************

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा आज दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंच रहे हैं। श्री सरमा तोरपा और खूंटी में कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। वहीं कल श्री सरमा महानगर कार्यलय में आयोजित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प सभा को भी संबोधित करेंगे।

*******************

जामताड़ा जिले के चौकीदार–वफादार महासंघ ने कल नेताजी स्टेडियम में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर निकाली गई वैकेंसी विज्ञापन को रद्द करने की मांग की।

इस क्रम में 19 से 24 जुलाई तक चलने वाले विधानसभा सत्र के दौरान राजभवन के समक्ष एकत्र होकर विरोध करने निर्णय लिया गया।

*******************

वनांचल एक्सप्रेस के पुरानी बोगियों को हटाकर उनमे एलबीएच बोगी लगायी जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विगत 9 जुलाई को रेल भवन, दिल्ली में मिलकर राजमहल विधायक अनन्त कुमार ओझा ने सभी जर्जर बोगियों को एलबीएच बोगी से बदलने का आग्रह किया था। जिसे मानते हुए बोगियों को बदलने का निर्देश जारी किया गया है।

*******************

रेल मंत्रालय ने गोड्डा से देवघर तक के लिए श्रावण माह में विशेष ट्रेन की व्यवस्था की है। देवघर श्रावणी मेला को लेकर गोड्डा से जसीडीह तक श्रावणी मेला **स्पेशल मेमू ट्रेन** चलेगी जो 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगी। 22 जुलाई को यह स्पेशल ट्रेन जसीडीह से दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर खुलेगी। देवघर स्टेशन से 2 बजकर 22 मिनट पर गोड्डा के लिए चलेगी एवं शाम 3 बजकर 50 मिनट पर गोड्डा पहुंचेगी।

*******************

गढ़वा जिले में आदिवासियों और वनवासियों के लिये **अबुआ वीर दिशोम** अभियान की शुरुआत की गयी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज और कल हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विशेषकर राज्य के दक्षिणी भाग में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां के अलावा मध्य भाग में रांची, रामगढ़, गुमला, बोकारो, हजारीबाग और खूंटी में बारिश होने का पूर्वानुमान है। कल भी रांची के अलावा आसपास के क्षेत्रों में शून्य दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक बारिश तिरसठ दशमलव पांच मिलीमीटर गढ़वा के धुरकी ब्लॉक में हुई।

******समाप्त******